हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 11 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

14 शिवसेना यूबीटी की जिला इकाई ने निकाली ...


14 धमनी वन क्षेत्र बनेगा ईको-पर्यटन का नया केंद्र




## 7 लैपटॉप, 2 आईपैड, 48 मोबाइल सहित भारी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जब्त, 9 ATM और 2 बैंक खाता सीज

# आन लाइन क्रिकेट सट्टा का गैंग फूटा, 16 गिरफ्तार, हिमाचल तक फैला काला धंधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार/भाटापारा

आईपीएल क्रिकेट मैचों पर ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का भाटापारा पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस संगठित गिरोह के 16 आरोपियों को हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 7 लैपटॉप, 2 आईपैड, 48 मोबाइल सहित भारी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, 09 ATM और 02 बैंक खाता जब्त किया गया है। पकड़ी गई सामग्रियों की कुल कीमत 50 लाख से अधिक आंकी गई है।

पुलिस के अनुसार, यह गिरोह RUVIBET पैनल आईडी के माध्यम से ऑनलाइन सट्टे का संचालन कर रहा था। गिरोह ने बाकायदा Branch-08, Branch-27 और Branch-35 के नाम से अलग-अलग लिंक बना रखे थे। आरोपी हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में एक मकान किराए पर लेकर वहां से सुरक्षित तरीके से देशभर में सट्टे का जाल फैला रखे थे।

इस बड़े रैकेट का पर्दाफाश भाटापारा शहर पुलिस के मजबूत सूचना तंत्र से हुआ। पुलिस ने सबसे पहले अजय बतरा नामक युवक को भाटापारा रेलवे स्टेशन के पास मोबाइल पर सट्टे का हिसाब-किताब करते हुए रंगे हाथों पकड़ा था। जब पुलिस ने उसके मोबाइल का तकनीकी विश्लेषण किया, तो तार हिमाचल प्रदेश के इस बड़े सिंडिकेट से जुड़े मिले। ▶▶ शेष पेज 13 पर

### लगभग 50 लाख से अधिक मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स जब्त किए गए



### ऑनलाइन सट्टा गिरोह के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

विवेचना क्रम में प्रकरण में धारा 314, 317(4), 317(2), 111 बीएनएस 66 सी, एवं 66डी आईटी एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गई। प्रकरण में मिले पर्याप्त एवं ठोस सबूत के आधार पर संपूर्ण गिरोह का पर्दाफाश करने एवं इस ऑनलाइन सट्टा का संचालन करने वाला गिरोह को पकड़ने हेतु पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा एवं एसडीओपी भाटापारा को दिशा निर्देश प्रदान किया गया। उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना भाटापारा शहर की टीम द्वारा प्रकरण में जब्त मोबाइल, उपलब्ध तकनीकी एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर ग्राम परवानू जिला सोलन हिमाचल प्रदेश में कैंप कर आरोपियों के ठिकाने के संबंध में पर्याप्त सबूत इकट्ठा कर एक मकान में दबिश दी।

### इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त

मकान के अंदर प्रवेश करते ही पुलिस ने पाया कि आरोपियों द्वारा एक साथ आईपैड, लैपटॉप, मोबाइल आदि विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के माध्यम से एवं पेशेवर तरीके से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा का संचालन किया जा रहा था। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा मौके से 16 आरोपियों को क्रिकेट सट्टा का संचालन करते हुए रंगे हाथों मौके से हिरासत में लिया गया तथा आरोपियों से 7 लैपटॉप, 2 आईपैड, 48 मोबाइल सहित भारी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, 9 **ATM** और 2 बैंक खाता जब्त किया। आरोपियों द्वारा संपूर्ण भारत में ऑनलाइन क्रिकेट का जाल फैलाया गया था तथा **RUVIBET** पैनल आईडी के माध्यम से **Branch** -08 **Branch** -27 **Branch** -35 लिंक पर आईडी बनवाकर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित किया जा रहा था, जो ग्राम परवानू जिला सोलन हिमांचल प्रदेश से किराए के मकान से संचालित किया जा रहा था। प्रकरण में सभी आरोपियों को 10 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### दो राज्यों से जुड़े आरोपी

पकड़े गए आरोपियों में अंकित राज पिता अविनाश कुमार सिंह 29 वर्ष निवासी हाउस नं. 39, गली नं. 16 मॉडल टाउन हिसार थाना अर्बन स्टेट जिला हिसार हरियाणा, सदाम हुसैन पिता हिदायत तुला 25 वर्ष निवासी महामाया पारा नहर रोड अम्बिकापुर थाना कोतवाली जिला सरगुजा, लवप्रित सिंह पिता सुरजीत सिंह 26 वर्ष निवासी गाय सानीपुर ताडा थाना जुलका जिला पटियाला पंजाब, अजिबुल रहमान पिता मेहबूब खान 25 वर्ष निवासी ग्राम टेगनी थाना पटना जिला बैकुंठपुर छ.ग., अनिकेत त्यागी पिता पंकज त्यागी 28 वर्ष निवासी ग्राम चंदपुरा थाना एंचोड़ा जिला संभल उत्तरप्रदेश, दीपक उर्फ दीपू चौहान पिता अजय सिंह चौहान 29 वर्ष निवासी ग्राम मंडिया थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद उत्तरप्रदेश, रमन कुमार पिता श्री तरसेम लाल 37 वर्ष निवासी ग्राम उपरली पठानकोट थाना डिविजन नम्बर-1 पठानकोट जिला पठानकोट (पंजाब), मुकेश सोनी पिता तुलसीराम सोनी 24 वर्ष निवासी पीपरा अदायी गौरा चौकी थाना खोड़ारे जिला गौड़ा उत्तरप्रदेश, राकेश कुमार पिता सरदारी लाल 42 वर्ष निवासी ग्राम एंव थाना नारोट जैमल सिंह जिला पठानकोट पंजाब, मनु पिता दर्शन कुमार 24 वर्ष निवासी ममुन थाना डिविजन नं. 4 पठानकोट जिला (पंजाब), करणदीप सिंह पिता स्व० प्रगटसिंह 29 वर्ष निवासी लहरागागा थाना लहरागागा जिला संगरूर (पंजाब), दीपक कुमार पौडेल पिता श्री जीत बहादुर पौडेल 27 वर्ष निवासी दमक वार्ड कमांक 7 थाना संसारी जिला तरहरा (नेपाल), रितिक कुमार पिता श्री मंगल दास 24 वर्ष निवासी दतियाल थाना नरोड़ जैमल सिंह जिला पठानकोट (पंजाब), राहुल सरमाल पिता श्री जोगिन्द्र पाल 28 वर्ष निवासी सराय मोहल्ला गुरुद्वारा के पास पठानकोट थाना डिविजन नं. 2 पठानकोट जिला पठानकोट, शिवम पिता श्री पुरुषोतम लाल 30 निवासी सराई मोहल्ला थाना डिविजन नं. 1 पठानकोट जिला पठानकोट (पंजाब) और गुलशन कुमार पिता प्रवीण कुमार 30 वर्ष निवासी ग्राम अंतौर थाना नरोट जैमलसिग जिला पठानकोट (पंजाब) शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 मई को

**बलौदाबाजार**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 9 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिले में जिला एवं तहसील स्तर पर न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत आयोजित की जायेगी। जानकारी के अनुसार नेशनल लोक अदालत में दीवानी, फौजदारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद धारा 138 मामले, किराया, बैंक वसूली, विद्युत चोरी के राजीनामा योग्य मामले, जिला न्यायालय में लंबित (भू-अर्जन से संबंधित प्रकरण एवं राजस्व मामले) एवं अन्य मामलों का निराकरण के प्रकरण शामिल है। इसी तरह प्री-लिटिगेशन संबंधी मामले (विवाद पूर्व-सुलह समझौते) जिसमें बैंक के ऋण वसूली, विद्युत बिल के बकाया वसूली एवं अन्य वित्तीय संस्थान के प्रकरण शामिल हैं।

### जिले के 119 केंद्रों में हुई 12वीं हिंदी की परीक्षा



**बलौदाबाजार**। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा कक्षा 12 वी हिन्दी विषय क्री पुर्नपरीक्षा 10 अप्रैल को जिले में आयोजित क्री गई। परीक्षा सभी केंद्रों में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। इस परीक्षा हेतु जिले में लगभग 119 केन्द्र बनाए गए थे, जिसमें लगभग 11 हजार विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों के प्रयोग पर कड़ी निगरानी हेतु उड़नदस्ता दल गठित किया गया, जिनके द्वारा लगातार निरीक्षण किया गया। इस बार थाना एवं चौकी में रखे गोपनीय सामग्री को केन्द्राध्यक्ष को वितरण से पूर्व सत्यापन हेतु राजस्व विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थीं।

### तीन साल के बच्चे के गले से बाहर निकाला सिक्का

**रायपुर**। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि मुंगेली विकासखंड के ग्राम कोसमतरा निवासी 3 वर्षीय हिमांशी साहू ने खेल-खेल में अचानक एक सिक्का निगल लिया, जो उसके गले की आहार नली में फंस गया। बच्ची को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां एक्स-रे जांच में पुष्टि हुई कि बच्ची के गले की आहार नली में सिक्का फंसा हुआ है। इसके बाद डॉक्टरों की टीम ने बिना देर किए दूरबीन (एंडोस्कोपिक) तकनीक से सफल ऑपरेशन कर बच्ची के गले से सिक्का सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सिविल सर्जन डॉ. एमके राय ने बताया कि समय पर मिली चिकित्सा सहायता से बच्ची सुरक्षित है और अब पूरी तरह स्वस्थ है। जिला चिकित्सालय के डॉ. कमलेश सत्यपाल, डॉ. राजेश कुमार बेलदार एवं मधु ध्रुव सहित पूरी टीम ने सफल ऑपरेशन कर बच्ची के गले से सिक्का बाहर निकाल लिया।

## सागौन की तस्करी, वन अमला ने 5 आरोपियों को पकड़ा, लकड़ी और वाहन जब्त

**कसडोल/सेल/गिधौरी**। वन संपदा की सुरक्षा को लेकर वन विभाग ने जिले में अवैध सागौन तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर के कुशल निर्देशन में अर्जुनी वन परिक्षेत्र की टीम ने रात के अंधेरे में दबिश देकर पांच तस्करों को रंगे हाथों पकड़ा है। विभाग ने तस्करी में प्रयुक्त एक महिंद्रा जीतो प्लस वाहन और भारी मात्रा में सागौन के लट्ठे जब्त किए हैं।

जानकारी के अनुसार, विभाग को पिछले कुछ समय से क्षेत्र में अवैध लकड़ी परिवहन की गुप्त सूचनाएं मिल रही थीं। इसी आधार पर स्टाफ को अलर्ट मोड पर रखा गया था। 8 अप्रैल की रात लगभग 11.30 बजे, जब तस्कर लकड़ी खपाने की तैयारी में थे, तभी वन विभाग की टीम ने बंगलापाली के पास घेराबंदी कर दी। अचानक हुई इस कार्रवाई से तस्करों को भागने का मौका नहीं मिला।

मौके से पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके गंगाराम सागर महकम, शिवप्रसाद केवट सोनाखान, अंजोर साहू मानाकोनी, कैलाश यादव सोनाखान, भुनेश्वर पटेल महकम शामिल हैं।





### लकड़ी तस्करों में हड़कंप

वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में वन संपदा की सुरक्षा के लिए लगातार गश्त और निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज किया जाएगा ताकि अवैध कटाई और परिवहन पर पूरी तरह लगाम लगाई जा सके। इस कार्रवाई से इलाके के लकड़ी तस्करों में हड़कंप मच गया है।

### वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

वन विभाग की टीम ने मौके से महिंद्रा जीतो प्लस वाहन को सागौन की लकड़ी सहित अपनी अभिरक्षा में ले लिया है। आरोपियों के खिलाफ वन अपराध प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## वाहन चालकों से वसूला 8 हजार रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए बलौदाबाजार पुलिस अब एक्शन मोड में है। कसडोल यातायात पुलिस ने डोंगरीडीह बस स्टैंड पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले दर्जनों वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई।

विदित हो कि आए दिन सड़क दुर्घटनाओं के चलते लोगों को अपनी जान गवाना पड़ रहा है उसको ध्यान रखते हुए पुलिस विभाग संवेदनशीलता दिखाते हुए जनहित पहल का परिचय देते हुए तीन सवारी, बिना लाइसेंस धारी, मालवाहक में सवारी ढोने वाले गाड़ियों, बिना हेलमेट वाहन चालकों पर एम व्ही एक्ट की कार्रवाई किये गए। इस संबंध में ए एस आई माधो प्रसाद साहू ने कार्रवाई के संबंध में बताया कि 10 अप्रैल को डोंगरीडीह बस स्टैंड पर एम व्ही एक्ट की कार्रवाई में तीन सवारी 12 प्रकरण, ई चालान 11 प्रकरण, बिना हेलमेट पहनने 05 प्रकरण, ▶▶ शेष पेज 13 पर





## 45 लीटर शराब जब्त, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**बलौदाबाजार**। जिला आबकारी टीम द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही करते हुए 45 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। मौक्रे पर 900 किलोग्राम महुआ लाहन को नष्ट किया गया। सूचना के आधार पर 10 अप्रैल को आबकारी विभाग क्री टीम द्वारा ग्राम भैंसामुड़ा सबरिया डेरा तलाब में दबिश देकर विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर 30 किलो क्षमता वाली प्लास्टिक बोरी में भरी 30 नग कुल 900 किलो महुआ लाहन ▶▶ शेष पेज 13 पर




गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
ब्यूरो कार्यालय :
अंबेडकर चौक, बजरंग होटल के सामने,
बलौदाबाजार, मो. 9926204007, 8370049468

### मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## जिले में 45 हजार से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाज़ार

वर्षा जल का संचयन और सरंक्षण कर जिले को जल समृद्ध बनाने की दिशा में मिशन मोड पर काम शुरू हो गया है। इस अभियान को बल देने के उद्देश्य से आज़ जिला ऑडिटिरियम में जल संरक्षण,जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सचिवों के साथ आगामी 50 दिनों के एक्शन प्लान पर सार्थक चर्चा हुई।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जल समृद्धि ही वास्तविक समृद्धि है क्योंकि पानी के बिना हम जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। इस अवसर पर उन्होंने जल संरक्षण और संचयन में जनप्रतिनिधियों की भूमिका की सराहना की। भारत सरकार द्वारा वाटर हीरो के रूप में सम्मानित मध्य प्रदेश के पांडुना से पहुंचे नीरज वानखेड़े ने जनप्रतिनिधियों को विभिन्न वाटर गेम्स के माध्यम से पानी बचाने के उपायों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही सरपंचो ने भी अपने अनुभव साझा किये।लाहौद ग्राम पंचायत की जल संचयन दीदी स्वाति साहू और भाटापारा की अनुसुइया साहू न अपने गाँव में जल संकट दूर करने के प्रयासों के बारे में बताया कि कैसे जनभागीदारी से सोखता गड्ढा और वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य को गति मिली। इस अवसर कर स्कूली बच्चों द्वारा जल संरक्षण विषय पर नुक्कड़ नाटक ,रंगोली का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में जल संचयन की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनप्रतिनिधियों, जल संचयन दीदियों, विभागीय कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।





### पानी बचाने की अपील

उन्होंने कहा आने वाली पीढ़ी के लिए जल की उपलब्धता रहे इसके लिए सबको मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील क्री कि हर घर का पानी घर में संचय हो,मोहल्ले का पानी मोहल्ले में, खेत का पानी खेत में और गाँव का पानी गाँव में संचयित हो। उन्होंने बताया पिछले वर्ष ज़िले में जल संचयन हेतु 35 हज़ार से अधिक संरचनाएँ बनायी गईं और भारत सरकार द्वारा जिले को सम्मानित किया गया। इस बार ज़िले में मोर गाँव मोर पानी अभियान 2.0 के शुरू के 15 दिन के भीतर 45 हज़ार से अधिक संरचनाएं बन चुकी हैं जिसमें जनप्रतिनिधियों, जल संचयन दीदियों, विभागीय अमले और ज़मीनी कार्यकर्ताओं के साथ साथ नागरिकों मो भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी ने इस दौरान एक स्वर में जल संचयन और संरक्षण की शपथ ली।

# प्राचार्यों ने कहा-2 माह में मिल रहा वेतन, चॉक-डस्टर खरीदने पैसे नहीं, मदद करें!

## समीक्षा बैठक में जुटे प्रदेशभर के 751 स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के 751 स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य गुरुवार को राजधानी रायपुर में जुटे। पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित समीक्षा बैठक के मुख्य एजेंडे परीक्षा परिणाम में सुधार, नीट व जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाएं, अंग्रेजी भाषा दक्षता में सुधार रहे। अध्यक्षता स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने की।

प्राचार्यों के लिए प्रश्नोत्तरी सत्र भी रखा गया था। इसमें प्राचार्यों ने विद्यालय संबंधित दुर्दशा गिनाई। अधिकतर प्राचार्यों ने वेतन समय पर प्राप्त नहीं होने को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। उनका कहना था कि प्रतिनियुक्ति पर स्वामी आत्मानंद विद्यालय आए शिक्षकों अथवा प्राचार्यों को पूर्व पद्धति से वेतन दिया जाए। वर्तमान में उन्हें वेतन के लिए कई बार 2 माह तक का इंतजार करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने शाला संचालन के लिए निर्धारित 5 लाख रुपए की राशि नहीं मिलने के कारण संचालन में हो रही दिक्कतें भी गिनाईं। उनका कहना था कि फंड नहीं मिलने के कारण उधार से काम चलाना पड़ रहा है। स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में छात्रों की संख्या अधिक होने के कारण फंड की राशि 5 लाख रुपए से बढ़ाने की भी मांग प्राचार्यों ने की। इसके अतिरिक्त चपरासी व भृत्य के पदों को भरने, डाटा एंट्री सहित अन्य कार्यों के लिए कंप्यूटर शिक्षक की नियुक्ति करने की मांग की गई।



### सिखाएं हाउसकीपिंग व गार्डनिंग जैसे कौशल

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा, विद्यालयों में शैक्षणिक कार्यों को अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामोन्मुखी बनाना सुनिश्चित करें। प्रत्येक छात्र पर व्यक्तिगत ध्यान देने और प्राचार्यों द्वारा कम से कम एक कक्षा लेने का भी निर्देश दिया गया। प्रतिदिन राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान एवं दीप मंत्र तथा छुट्टी के समय गायत्री मंत्र एवं शांति पाठ का आयोजन करने,शनिवार को गतिविधि दिवस के रूप में मनाने, विद्यार्थियों को योग अभ्यास कराने एवं गार्डनिंग व हाउसकीपिंग जैसे कौशल सिखाने के लिए दो समूह अनिवार्य रूप से बनाने की बात कही।

### स्कूलों में होगा इंग्लिश स्पीकिंग डे

सह-शैक्षणिक गतिविधियों की उपलब्धियां, स्मार्ट क्लास एवं पुस्तकालयों के प्रभावी उपयोग, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा नवाचार आधारित गतिविधियों पर भी विचार- विमर्श किया गया। प्रत्येक माह एक दिन निर्धारित कर "इंग्लिश स्पीकिंग डे" मनाने तथा विद्यालय परिसर में मोबाइल उपयोग पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिए। बैठक में समग्र शिक्षा आयुक्त किरण कौशल, संयुक्त सचिव फरिहा आलम सिद्दकी, एससीईआरटी के संयुक्त संचालक के.कुमार, उपसंचालक एएन बंजारा, डीईओ हिमांशु भारतीय सहित प्रदेशभर से आए प्राचार्यगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शास्त्र और आचार्य की अवहेलना करने वाले सनातनी नहीं, अवसरवादी हैं : ठाकुर

**रायपुर**। जब कोई व्यक्ति व्यक्तिगत लाभ, प्रतिष्ठा या आधुनिकता के नाम पर शास्त्रीय मर्यादाओं और गुरु-परंपरा (आचार्य) का अपमान या उपेक्षा करता है, तो वह सनातनी नहीं, बल्कि 'अवसरवादी' माना जाता है। मूल्यों का पतनः धर्मगुरुओं के अनुसार, व्यास पीठ या आचार्यों का अपमान करना धर्म के मूल ढांचे को कमजोर करता है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने गुरुवार को एक कड़ा वक्तव्य जारी करते हुए धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो तथा कथित हिंदू और सनातनी आज इस 'धर्म युद्ध' में जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के शास्त्रीय निर्णयों के साथ खड़े नहीं हैं, वे सनातनी नहीं बल्कि केवल पाखंडी और अवसरवादी हैं, याद रखें, सत्ताएं आती-जाती रहती हैं, लेकिन धर्म और उसकी परंपराएं शाश्वत हैं।

### बिजली बिल भुगतान का लिंक भेजकर 7 लाख ठगे

रायपुर। बिजली बिल भुगतान के लिए लिंक भेजकर सात लाख रुपए ठगने की घटना सामने आई है। ऑनलाइन ठगी देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-2 देवेंद्रनगर निवासी डेनिस कुमार के रानीपा के साथ हुई है। उनके द्वारा थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट के अनुसार, किसी मोबाइल धारक ने उसे कॉल किया और खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताते हुए ऑनलाइन बिजली बिल का भुगतान करने के लिए कहा। इसके लिए मोबाइल धारक ने उसके वाट्स एप पर लिंक भेजा, जैसे ही डेनिस ने उसे क्लिक किया। उसके खाते से 8 बार में 7 लाख 2 हजार 472 रुपए आहरित कर लिए गए। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज किया है।

### अक्षय तृतीया 20 को बाल विवाह रोकने प्रशासन ने बनाई टीम

**रायपुर**। बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन ने इस बार तैयारी पूरी कर ली है। अक्षय तृतीया के दिन 20 अप्रैल को इसे लेकर विशेष तैयारी की गई है। लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसे लेकर जनपद पंचायत के सभागार में ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक आयोजित की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार बैठक में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत बाल विवाह रोकथाम के लिए आवश्यक जानकारी एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड, भक्त कर्मा माता वार्ड के नागरिक पीने और निस्तारी के लिए परेशान

# महापौर के पुराने वार्ड में गहराया जल संकट, 6 टैंकर से 60 ट्रिप पानी, रायपुरा में जा रहा चंगोरा का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महापौर मीनल चौबे के पुराने वार्ड में जल संकट गहराने से वहां के रहवासी परेशान हैं। कर्मा चौक, डेयरी मोहल्ला, शीतला मंदिर के पीछे वाला क्षेत्र, महादेवनगर, करन नगर और गणपति नगर में पेयजल संकट से जनता त्रस्त है। हालत ये है कि लोगों की प्यास बुझाने नगर निगम को इस वार्ड में 6 पानी टैंकर भेजकर प्रतिदिन 60 ट्रिप पानी देना पड़ रहा है। यहां बोरवेल का अंडरग्राउंड वाटर भी तेजी से खिसकने लगा है। कमोबेश यही स्थिति भक्त कर्मा माता वार्ड की भी है, जहां लोग पीने के पानी और निस्तारी के लिए परेशान हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि चंगोरा टंकी का पानी रायपुरा जा रहा है।

इसे लेकर महापौर मीनल चौबे ने डेढ़ माह पूर्व निगम के अधिकारियों के साथ स्थल का दौरा करके चंगोरा टंकी से रायपुरा का कनेक्शन काटकर उसे रायपुरा टंकी से जोड़ने कहा था। पर आज तक यह काम पूरा नहीं हुआ। वार्ड पार्षद दुर्गा-यादराम साहू ने कहा है पानी की समस्या जल्द दूर नहीं हुई तो वे वार्डवासियों के साथ जोन 5 का घेराव करेंगे। प्रभावित वार्ड के पार्षदों ने जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल और जोन कमिश्नर खीरसागर नायक को भी पेयजल समस्या से अवगत कराया इसके बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



### सुबह शाम टैंकर का इंतजार, पानी के लिए भीड़

डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड के किरण चौक रामजानकी मंदिर कर्मा चौक, डेयरी चौक, महादेवनगर, करन नगर, गणपति नगर के रहवासी पेयजल आपूर्ति के लिए टैंकर भरोसे हैं। यहां सुबह-शाम निगम का पानी टैंकर लोगों की पेयजल आपूर्ति करने भेजा जा रहा है। टैंकर आते ही लोग बाल्टी, गुंडी लेकर पानी भरने इकट्ठा होते हैं इसमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग, युवा और महिलाएं शामिल हैं।

### भक्त कर्मा माता वार्ड के इन इलाकों में समस्या

भाठागांव शीतला चौक, श्रीराम नगर, यादव पारा, बीएसयूपी कालोनी भाठागांव, करन नगर बोर्ड के पास, महादेव नगर, देव विहार कालोनी, मीत विहार, साकेत विहार, श्रद्धानंद स्कूल के पास।



### कनेक्शन बढ़ा दिए, चंगोरा का 50 फीसदी पानी रायपुरा जा रहा

30 मार्च को नगर निगम की बजट सामान्य सभा में शहर की पेयजल व्यवस्था पर महापौर मीनल चौबे और नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के बीच तीखी बहस हुई थी। पानी की समस्या को लेकर ब्राम्हणपारा वार्ड, डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड, भक्त कर्मा माता वार्ड के अलावा नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड, कुशाभाउ ठाकरे वार्ड के रहवासी भी परेशान हैं, जहां वार्ड पार्षदों की मांग पर नगर निगम द्वारा पानी टैंकर भेजकर प्रभावित इलाके में लोगों प्यास बुझाई जा रही है। जल संकट से महापौर का पुराने वार्ड अछूता नहीं है, जहां चंगोराभाठा का अधिकांश एरिया आता है,वहां पीने के पानी की भारी समस्या बनी हुई है। लोगों का कहना है नगर निगम ने यहां नल कनेक्शन की संख्या बढ़ा दी हैं, यहां की टंकी का पानी रायपुरा महादेवघाट क्षेत्र में जा रहा है, इसलिए चंगोरा टंकी से रायपुरा का कनेक्शन काटकर उसे रायपुरा टंकी से जोड़ने की मांग एक अरसे से की जा रही है। लोगों की परेशानी को देखते हुए महापौर ने निगम के अधिकारियों को निर्देश भी दिए।उनके निर्देश पर जोन 8 और जोन 5 कमिश्नरी ने इस पर सर्वे करके करीबन 35 लाख का बजट बनाकर निगम मुख्यालय को भेजा था, पर डेढ़ माह बीतने के बाद समस्या जस की तस बनी हुई है।

## धर्मांतरण स्वतंत्रता विधेयक 2026 कानून का गांड़ा समाज ने किया स्वागत और समर्थन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में हाल ही में पारित 'धर्म स्वतंत्रता विधेयक 2026' का गांड़ा समाज ने खुलकर स्वागत और समर्थन किया है। समाज के नेताओं ने इसे अवैध धर्मांतरण रोकने के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है। उनका मानना है कि यह कानून जबरन, प्रलोभन या धोखे से कराए जा रहे धर्म परिवर्तन को रोकेगा और सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करेगा। उत्कल गांड़ा महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत ने गुरुवार को आज छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लाए धर्मांतरण स्वतंत्रता विधेयक 2026 को लेकर प्रेसवार्ता लिया और उन्होंने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पारित धर्मांतरण स्वतंत्रता विधेयक 2026 एक ऐतिहासिक कदम है, जिसमें अब राज्यपाल ने भी अपना हस्ताक्षर कर दिया है। श्रीमती जगत ने कहा पिछले कुछ वर्षों में गांवों एवं शहरों की झुग्गी-बस्तियों में गरीब, भोले-भाले लोगों को गुमराह करते हुए उनके मूल धर्म और संस्कृति से परिवर्तित कर उन्हें धर्मांतरित किया जा रहा था। इससे गरीबों का शोषण, सामाजिक असंतुलन और सांप्रदायिक तनाव पैदा हो रहा था। सावित्री जगत ने इस कानून का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इस निर्णय के लिए हार्दिक बधाई और आभार व्यक्त किया। श्रीमती जगत ने कहा हम झुग्गी-बस्तियों में जाकर इस कानून का प्रचार करेंगे ताकि गरीब लोग अपने अधिकारों को समझ सकें, कोई उन्हें गुमराह न कर सके। इसके लिए जागरूकता रैलियां, गोष्ठियां, पंपलेट वितरण और नुक्कड़ सभाएं आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सामाजिक न्याय की नई मिसाल पेश कर रहा है।" इस अवसर पर किशोर महानद, बसंत बाग, बनमाली छूरा, आशीष तांडी, प्रीति सागर, हेमा सागर, मेनका बघेल आदि गांड़ा समाज के सदस्य उपस्थित थे।

■ धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए ऐतिहासिक है धर्मांतरण स्वतंत्रता विधेयक 2026 : सावित्री

# पीएससी अभ्यर्थियों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करे सरकार : नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत

## राज्यपाल को नेता प्रतिपक्ष ने पत्र लिख हस्तक्षेप करने मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश के युवाओं और छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्यपाल एवं आयोग प्रबंधन से दो प्रमुख मांगों पर त्वरित निर्णय लेने पत्र लिखा है। मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए अपर्याप्त समय और परीक्षा शुल्क वापसी की जटिल प्रक्रिया पर गहरी चिंता व्यक्त की है। डॉ. महंत ने कहा कि, छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद से ही यह स्वस्थ परंपरा रही है कि प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम घोषित होने और मुख्य परीक्षा के आयोजन के बीच कम से कम 100 दिनों का अंतराल दिया जाता था। यह समय अभ्यर्थियों को विस्तृत पाठ्यक्रम की तैयारी और उत्तर लेखन के अभ्यास के लिए नितांत आवश्यक है। इस वर्ष 25 मार्च को परिणाम जारी होने के बाद मुख्य परीक्षा 16 मई से निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को तैयारी के लिए मात्र 51 दिन का समय मिल रहा है, जो कि नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध है। सरकार को युवाओं के मानसिक दबाव को समझते हुए इस समय सीमा को पूर्व की भांति 100 दिन से अधिक करना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री और आयोग के अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि प्रचलित परंपराओं को समाप्त कर युवाओं के भविष्य को संकट में न डालें। प्रदेश का युवा ही छत्तीसगढ़ का भविष्य है। उनके साथ न्याय करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। हम मांग करते हैं कि मुख्य परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाई जाए और शुल्क वापसी की प्रक्रिया को सरलतम बनाया जाए।

### शुल्क वापसी प्रक्रिया को सरल बनाने दिए सुझाव

शुल्क वापसी प्रक्रिया को सरल बनाने का सुझाव परीक्षा शुल्क वापसी की वर्तमान प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वर्तमान में अभ्यर्थियों से दोबारा बैंक जानकारी मांगी जाती है, जिससे कई अभ्यर्थी तकनीकी कारणों या समय सीमा के अभाव में अपनी राशि वापस नहीं पा पाते। होना यह चाहिए आवेदन के समय जिस बैंक खाते से शुल्क का भुगतान किया गया है, परीक्षा में उपस्थित होने पर उसी खाते में स्वत, शुल्क वापस किया जाना चाहिए। इससे न केवल प्रक्रिया पारदर्शी होगी, बल्कि हजारों युवाओं को अनावश्यक ऑनलाइन औपचारिकता से मुक्ति मिलेगी।

जिले के शिक्षकों को किया जा रहा है हाईटेक, गूगल देगा प्रशिक्षण

# एआई के जरिए शिक्षक तैयार करेंगे ऑडियो वीडियो कंटेंट, इसके माध्यम से होगी पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अब रायपुर जिले के शिक्षक हाईटेक होने जा रहे हैं। शिक्षक एआई टूल्स जैसे तकनीक से अपने टीचिंग को अपडेट करेंगे। इसके लिए जिले में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "एआई सक्षम शिक्षक अभियान" की शुरुआत की गई है।

न्यू सर्किट हाउस में हुए इस कार्यशाला में 200 से अधिक मास्टर ट्रेनर बने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग से शिक्षण को प्रभावी बनाने के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, गूगल एजूकेशन ऑफ इंडिया के हेड संजय जैन व गूगल इंडिया के पब्लिक पॉलिसी हेड राजेश रंजन के मध्य एलओआई हुआ। इसके अनुसार आने वाले समय में जिले के करीब 10 हजार शिक्षकों को निःशुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी। गूगल के अधिकारियों ने बताया कि रायपुर जिले के साथ साथ प्रदेश के शिक्षकों को भी एआई टूल्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा।




### बढ़ेगी सीखने की क्षमता

गूगल के प्रतिनिधियों ने कहा, एआई के माध्यम से बच्चे बिना किसी झिझक के सवाल पूछ सकते हैं, जिससे उनकी जिज्ञासा और सीखने की क्षमता बढ़ती है। एआई टूल्स की मदद से आसानी से वीडियो कंटेंट तैयार किया जा सकता है, जो बच्चों को विषयों को बेहतर तरीके से समझने में सहायक होगा। हम एआई का अधिक बेहतर तरीके से उपयोग कर सकते हैं। आने वाला समय एआई से भी आगे एजीआई का दौर होगा, जिस पर गूगल काम कर रहा है। यह ह्यूमन इंटेलीजेंस की तरह होगा। उन्होंने बताया कि गूगल ने शिक्षकों के लिए एआई आधारित एक कोर्स भी शुरू किया है। यह कोर्स शिक्षकों को एआई के माध्यम से शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षित करता है।

### प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमता अलग

राजेश रंजन ने कहा, एआई की मदद से कोई शिक्षक अपनी शैक्षणिक क्षमता को बढ़ा सकता है। हर विद्यार्थी की समझने की क्षमता अलग-अलग होती है जैसे कोई ऑडियो रूप में या वीडियो के रूप में। अब एआई को कमाण्ड देकर किसी भी क्लास के लिए वीडियो या अन्य शैक्षणिक सामग्री बना सकते हैं। इस अभियान के तहत शिक्षक एआई टूल्स का उपयोग बेहतर तरीके से कर सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती ने कहा, कार्यशाला के माध्यम से शिक्षकों ने एआई के विभिन्न आयामों को समझा है, जिसे वे विद्यालयों में विद्यार्थियों तक पहुंचाएंगे।कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा, गूगल के साथ मिलकर सीखने की नई शुरुआत की जा रही है। जब शिक्षक तकनीक से सशक्त होंगे, तभी विकसित भारत की नीव गांवों में मजबूत होगी। एआई विद्यार्थियों के लिए रिविजन और लर्निंग का प्रभावी माध्यम बनेगा तथा शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा।

## चिप की कमी के कारण लगातार बढ़ रहे हैं दाम

# युद्ध की आग में मोबाइल के दाम की भी बजी घंटी, कई मॉडल 60 फीसदी तक महंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अमेरिका, इजरायल और ईरान के युद्ध की आग में स्मार्ट फोन भी आ गए हैं। स्मार्ट फोन की कीमत 40 से 60 फीसदी तक बढ़ गई है। राजधानी रायपुर के कारोबारियों के मुताबिक 10 हजार वाला मोबाइल इस समय 16 हजार का हो गया है। आने वाले समय में मोबाइल के दाम में कमी की संभावना नहीं है। मोबाइल के दाम में आग लगने का सबसे बड़ा कारण चिप की कमी है। स्मार्ट फोन के लिए सबसे जरूरी चिप है। इसकी जहां युद्ध के कारण सप्लाई प्रभावित हो गई है, वहीं चिप की कमी भी है। चिप की कमी का कारण यह बताया जा रहा है कि चिप बनाने वाली कंपनियां अब ज्यादा ध्यान एआई की तरफ दे रही हैं। ऐसे में कंपनियां एनवीडिया की एआई चिप बना रही हैं। यह चिप ज्यादा महंगी बिकती है। चिप की कमी के कारण सबसे ज्यादा बिकने वाले मोबाइल विवो, सैमसंग, ओपो, रियलमी, शाओमी सहित ज्यादातर मोबाइल के मॉडल महंगे हो गए हैं। एप्पल के मोबाइल के दाम भी सात हजार तक बढ़ गए हैं। मोबाइल कारोबारी राजेश वासवानी के मुताबिक रोज किसी न किसी मॉडल के दाम बढ़ रहे हैं। 10 हजार रुपए वाले मोबाइल की कीमत अब 16 हजार हो गई है। एप्पल मोबाइल के दाम भी सात-सात हजार बढ़े हैं। इसके टेबलेट के दाम भी पांच-पांच हजार बढ़ गए हैं।

**शाला संचालन मद 5 लाख रुपए से बढ़ाने की मांग**



### चिप के दाम डबल से ज्यादा

*कारोबारियों का कहना है कि मोबाइल में लगने वाले चिप के दाम अब डबल से भी ज्यादा हो गए हैं। बीते तीन माह में चिप के दाम में सौ फीसदी से ज्यादा का इजाफा हो चुका है। मोबाइल के दाम में चिप की हिस्सा करीब 20 फीसदी रहता है जो अब 40 फीसदी से ज्यादा हो गया है। यही वजह है कि मोबाइल के दाम भी 40 से 60 फीसदी तक बढ़ गए हैं। चिप के दाम बढ़ने के कारण मोबाइल की उत्पादक कंपनियां अपने मॉडल के दाम बढ़ाकर ग्राहकों से वसूली कर रही हैं।*

### सेकेंड हैंड मोबाइल का क्रेज बढ़ा

सेकेंड हैंड फोन का क्रेज तो वैसे रहता ही है, लेकिन नए मोबाइल के महंगे होने के कारण अब इसका क्रेज और ज्यादा बढ़ गया है। ग्राहक अपने बजट को देखते हुए सेकंड हैंड मोबाइल ले रहे हैं। जिनका बजट 10 हजार है तो ऐसे ग्राहक 10 हजार के मोबाइल की कीमत 16 हजार होने पर सेकंड हैंड मोबाइल ले रहे हैं तो उनको 18 से 25 हजार तक वाला मोबाइल अच्छी कंडीशन में 10 से 12 हजार में मिल जा रहा है।

### चिप के कारण दाम बढ़े

चिप की कमी के कारण रोज किसी न किसी मोबाइल के दाम बढ़ रहे हैं। कुछ दस हजार के मॉडल वाले मोबाइल अब 16 हजार तक के हो गए हैं। इससे कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। नए मोबाइल की बिक्री कम हो गई है।

**- राजेश वासवानी**
संचालक,
लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स

# तिलहन-दलहन का बढ़ा रकबा ग्रीष्मकालीन धान का घटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

धान की बंपर पैदावार के बावजूद किसानों में पारंपरिक फसलों के साथ अन्य फसलों की ओर लगातार रुझान बढ़ रहा है। रायपुर जिले में किसान धान के साथ दलहन, तिलहन की खेती में भी रुचि ले रहे हैं, जिससे लगातार इसका रकबा भी बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले में तिलहन में 218 प्रतिशत रकबा बढ़ा है, वहीं दलहन में भी 171 प्रतिशत रकबा बढ़ा है।

तिलहन और दलहन की तुलना में ग्रीष्मकालीन धान का रकबा 3347 हेक्टेयर घटा है। घटे रकबा में किसानों ने अन्य फसलों का उत्पादन किया है।



कृषि विभाग से मिले आकड़ों के अनुसार रायपुर जिले में वर्ष 2024 में ग्रीष्मकालीन में कुल जितना रकबा में धान की बोवाई हुई थी, उसकी तुलना में वर्ष 2025 में 3347 हेक्टेयर में धान की फसलों की जगह अन्य फसलों का उत्पादन किया है, जिससे धान का रकबा घटा है। धान के रकबा में आई इस गिरावट के कारण जिले में दलहन-तिलहन सहित अन्य फसलों के उत्पादन में वृद्धि हुई है।

### तिलहन 1405 हेक्टेयर एवं दलहन 1951 हेक्टेयर रकबा बढ़ा

जिले में वर्ष 2025 में धान के रकबे में कमी करते हुए तिलहन एवं दलहन दोनों में रकबा बढ़ा है। कृषि विभाग के जिला अधिकारी सतीष अवस्थी ने बताया कि वर्ष 2024 में 1190 हेक्टेयर रकबा में तिलहन की खेती हुई थी। वर्ष 2025 में 1405 हेक्टेयर रकबा बढ़ा है। इस तरह कुल 2595 हेक्टेयर रकबा में इसकी फसल की गई। इसी प्रकार दलहन में 1951 हेक्टेयर रकबा बढ़ा है। इस तरह कुल 3971 हेक्टेयर में इसकी खेती की गई।

### मेरा गांव मेरी पहचान अंतर्गत 160 हेक्टेयर में दलहन-तिलहन की फसल लगी

जिले में इस बार मेरा गांव मेरी पहचान योजना अंतर्गत 160 हेक्टेयर में दलहन और तिलहन की फसल लगाई गई है। फसल को आरंग ब्लॉक अंतर्गत ग्राम रानीसागर में विकसित किया है। इस रकबा में भी लगभग 60 हेक्टेयर में पिछले वर्ष धान की फसल लगाई गई थी।

## खबर संक्षेप



### इतिहासकार आचार्य रमेंद्रनाथ मिश्र "ज्ञान भारतम् मिशन" के तहत सम्मानित

**रायपुर।** सुप्रसिद्ध इतिहासकार आचार्य रमेंद्रनाथ मिश्र को "ज्ञान भारतम् मिशन" के अंतर्गत भारतीय सांस्कृतिक धरोहर एवं प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण में उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया। कलेक्टर गौरव सिंह, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिस्वरंजन, एसडीएम नंदकुमार चौबे द्वारा आचार्य मिश्र के निवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान अधिकारियों ने आचार्य मिश्र के दुर्लभ संग्रहालय एवं ग्रंथालय का अवलोकन भी किया।

इस दौरान बाबू रेवाराम 'पण्डित' द्वारा रचित तवारीख हैहयवंशी राजाओं की (1858) की पांडुलिपि, पंडित सुंदरलाल शर्मा की देश की एकमात्र हस्तलिखित जेल पत्रिका "श्री कृष्ण जन्म स्थान", रानी दुर्गावती कालीन दुर्लभ गीता की पांडुलिपि, वर्ष 1845 से 1905 तक की "कोलकाता रिव्यू" सहित ताड़पत्र एवं संस्कृत की विभिन्न पांडुलिपियाँ प्रदर्शित की गईं। इसके अतिरिक्त बस्तर भूषण पंडित केदारनाथ ठाकुर, बाबू प्यारेलाल गुप्त एवं यतियतन लाल की हस्तलिखित दैनिक डायरियां भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

### साय बोले- पीएम को बताया बस्तर के विकास का रोडमैप

**रायपुर।** दो दिवसीय दिल्ली दौरे से गुरुवार को लौटने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात हुई। नक्सलवाद की समाप्ति के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 4 दशकों के नक्सलवाद से बस्तर मुक्त हुआ है, वहां अब विकास कार्य किस तरह किए जाएंगे, इसकी जानकारी प्रधानमंत्री को दी। माना एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से भी मुलाकात हुई। असम के चुनाव को लेकर उन्होंने कहा, भाजपा की बहुत अच्छी स्थिति रहेगी। असम में सरकार बनेगी। भाजपा के लिए अच्छी स्थिति है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री साय ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात के दौरान बस्तर के समग्र विकास का एक विस्तृत और दूरदर्शी ब्लूप्रिंट सौंपा। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री को मानसून के बाद बस्तर आने का आमंत्रण दिया, जहां उनकी मौजूदगी में कई बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण प्रस्तावित है।

### कैबिनेट 15 को, बस्तर के विकास की रणनीति पर चर्चा

**रायपुर।** नया वित्तीय वर्ष लागू होने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार की कैबिनेट की पहली बैठक 15 अप्रैल को होगी। बैठक में नए बजट आवंटन के बाद विभागों की नई योजनाओं पर निर्णय लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक मंत्रालय में सुबह 11:30 बजे होगी। बैठक में राज्य सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं और प्रशासनिक निर्णयों पर चर्चा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में प्रदेश के विकास कार्यों, मानसून पूर्व की तैयारियों और लंबित भर्ती प्रक्रियाओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हो सकता है। साथ ही, कुछ नई जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर भी कैबिनेट की सहमति ली जा सकती है।

### 150-180 दिनों में तैयार, तेल उत्पादन में भी बेहतर फसल

# कुसुम की खेती किसानों के लिए बनी फायदेमंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले कम पानी में अधिक लाभ देने वाली फसल कुसुम की खेती अपनाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के किसानों के लिये कुसुम क़ी खेती अधिक लाभ क़ी खेती बन गई है।

राज्य स्तरीय डॉ. खुबचंद बघेल कृषक रत्न से सम्मानित विकासखण्ड पलारी के ग्राम मुसुवाडीह के कृषक वामन टिकरिहा द्वारा 10 एकड़ रकबे में कुसुम की खेती किया जा रहा है। कृषक के द्वारा विगत वर्ष ग्रीष्मकालीन धान की खेती की गई थी, परन्तु गिरते भूजल स्तर के कारण धान की खेती में नुकसान उठाना पड़ा। इस वर्ष कृषक के द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों के सलाह पर कुसुम की खेती को अपनाया गया। जिसमें कम पानी, कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता हैं। कुसुम के पौधे में कांटे होने के कारण मवेशियों द्वारा फसल को नुकसान नहीं पहुंचाया जाता। जिससे फसल की सुरक्षा की चिंता किसानों को नहीं रहती।



कृषक वामन टिकरिहा के द्वारा पशुपालन भी किया जा रहा है, जिसके गोबर एवं गौमूत्र का उपयोग कर जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत आदि उत्पादों के द्वारा प्राकृतिक खेती किया जा रहा है। वामन टिकरिहा के नवाचार से उन्हें राज्य स्तरीय डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने बताया कि कुसुम की फसल कम पानी में भी सफलतापूर्वक तैयार हो जाती है तथा 150 से 180 दिनों में पककर तैयार हो जाती है, जिससे अधिक लाभ प्राप्त होता है। कुसुम बीज में 25-45 प्रतिशत तक तेल की मात्रा रहती है।

### खेतों तक पानी पहुंचाने बनाई गई पक्की नाली



गोपालपुर। जनपद पंचायत बिलाईगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत खुरदरहा आश्रित ग्राम–कोदोपाली में मनरेगा के तहत कलेक्टर डॉ. संजय कनौजे एवं जिला पंचायत सीईओ इन्द्रजीत बर्मन के मार्गदर्शन में लगभग 18.91 लाख की लागत से पक्की नाली निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। ग्राम पंचायत एवं तकनीकी सहायक लिकेश कुमार के नेतृत्व में यह निर्माण कार्य को प्राथमिकता देते हुए कराया गया। इस पक्की नाली के निर्माण से अब जंगल से आने वाला पानी सीधे नाली के माध्यम से किसानों के खेतों तक आसानी से पहुंच सकेगा जिससे लगभग 15 से 20 एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा। पहले जहां किसानों को धान की फसल के दौरान पानी की कमी से जूझना पड़ता था वहीं अब इस समस्या का स्थायी समाधान हो गया है, जिससे ग्रामीणों में खुशी और संतोष का वातावरण है।

# लश्करे हैदर कमेटी ने शाही संदल निकाला



**खरोरा।** लश्करे हैदर कमेटी ने बुधवार को भव्य और शाही अंदाज में संदल जुलूस निकाला। यह संदल जुलूस मुस्लिम मोहल्ले वार्ड 10 से प्रारंभ होकर तिगड्डा बस स्टैंड तक पहुंचा, जहां से आगे यह आरंग उर्स के लिए रवाना हुआ।

यह संदल हजरत सैयद मूसा सईद के उर्स मुबारक के अवसर पर निकाला गया, जिसमें खरोरा लश्करे हैदर कमेटी द्वारा दरगाह में प्यार और अकीदत के साथ संदल पेश किया गया। इस दौरान स्थानीय समाजसेवी दिलराज छाबड़ा ने अपनी टीम के साथ जुलूस का स्वागत किया। उन्होंने पुष्प वर्षा कर सभी का अभिनंदन किया तथा जुलूस में शामिल सभी को शरबत वितरित कर भाईचारे और एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से हसनैन रजा खान सदर, राशिद खान नायब सदर, इरफान खान सचिव, मेराज खान, शफीक खान बाबा, नूर खान, सादिक खान, आवेश खान,रियाज ख़ान अज्जू अली हुसैन, फैज, सलीम, जुगनू, भोला, सेजल यादव, रमजान कुरैशी, आशिफ खान, असलम खान, जैद, शिफान, अयान खान एवं अदनान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कमेटी द्वारा यह भी बताया गया कि यह धार्मिक परंपरा निरंतर जारी रहेगी और हर वर्ष इसी तरह भव्यता के साथ संदल जुलूस निकाला जाता रहेगा

# राजस्व वसूली में नपा ने बनाया रिकार्ड शहर में विकास को मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

नगर पालिका परिषद ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजस्व संग्रहण के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के मार्गदर्शन और नागरिकों के अटूट विश्वास के फलस्वरूप, इस वर्ष शहर के राजस्व में ऐतिहासिक बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।

समय पर भुगतान करने से आप अतिरिक्त ब्याज और शास्ति (पेनाल्टी) से सुरक्षित रहेंगे। नागरिक अपने बकाया करों का भुगतान नगर पालिका कार्यालय के राजस्व शाखा पर सुबह 10 से 2 बजे तक एवं दोपहर 3 बजे से अपने वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षक से संपर्क करें घर पहुंच सुविधा के तहत जमा करा सकते हैं। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में राजस्व वसूली की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और सुलभ बनाया जाएगा ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

### पिछले वर्ष की तुलना में भारी उछाल

परिषद द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल मांग 707.67 लाख के विरुद्ध केवल 313.20 लाख की वसूली हो पाई थी, जो कुल मांग का मात्र 44.26% था। वहीं अश्वनी शर्मा के निर्वाचित होने के बाद वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में विशेष कार्ययोजना और जन-जागरूकता के माध्यम से मांग बढ़कर 847.84 लाख तक पहुंची। इसके विरुद्ध नगर पालिका ने 568.70 लाख की रिकॉर्ड वसूली सुनिश्चित की है, जो कि 67.08% है। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 23% की शानदार वृद्धि को दर्शाता है।

### अध्यक्ष ने नगरवासियों के प्रति जताया आभार

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने शहर के गणमान्य नागरिकों, प्रबुद्धजनों और जागरूक करदाताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा,भाटापारा की जनता ने यह साबित कर दिया है कि वे शहर के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। कर के रूप में प्राप्त होने वाली यह राशि सीधे तौर पर शहर की बुनियादी सुविधाओं, जैसे– उन्नत सड़कों, स्वच्छ पेयजल, बेहतर ड्रेनेज सिस्टम और आधुनिक प्रकाश व्यवस्था पर खर्च की जा रही है।

# श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से भक्तिमय हुआ डमरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लवन

ग्राम डमरू में आस्था ग्राम संगठन एवं समस्त ग्राम वासियों के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन कथा स्थल भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रीतम पांडेय ने अपनी ओजस्वी और अमृतमयी वाणी से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का ऐसा जीवंत वर्णन किया कि पंडाल तालियों और जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा कथा के पांचवें दिन पंडित पाण्डेय ने प्रभु श्रीकृष्ण के गोकुल में बिताए बाल्यकाल के प्रसंग सुनाए। उन्होंने माखन चोरी की लीला का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे नटखट कान्हा अपने सखाओं के साथ गोपियों के घरों में जाकर माखन चुराते थे उन्होंने आध्यात्मिक दर्शन देते हुए कहा कि भगवान माखन नहीं बल्कि भक्तों का शुद्ध हृदय चुराते हैं। कथा के दौरान भगवान की लीलाओं के सजीव चित्रण ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होकर प्रभु इच्छा तक निरंतर चलती है वही पांचवे दिन कथा सुनने के लिए पूर्व संसदीय सचिव व कसडोल विधायक शकुंतला साहू भी पहुंची और कथा श्रवण का लाभ लिए वही आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथावाचक की शैली और भक्तिमय भजनों पर श्रद्धालु स्वयं को थिरकने से नहीं रोक पा रहे है।



# चावल उत्सव से लोगों को मिल रही राहत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुंडा

उचित मूल्य की दुकानों में 7 अप्रैल से चावल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पात्र हितग्राहियों को अप्रैल मई और जून महीने का राशन एक मुश्त वितरण किया जा रहा है।

एक साथ तीन महीने का चावल देने का निर्णय सरकार द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए लिया गया है ताकि हितग्राहियों को बार-बार राशन दुकान जाना ना पड़े। सरकार की इस निर्णय से गर्मी के दिनों में राशन कार्डधारी लोगों को काफी राहत मिल रही है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत कोनारी में मां शीतला महिला समूह द्वारा संचालित राशन दुकान में जनपद सभापति अश्वनी रजक, सरपंच प्रतिनिधि अनूप पाठक, रोजगार सहायक हेमकुमार ध्रुव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शांति पटेल एवं समूह की अध्यक्ष राजेश्वरी बंजारे, सचिव दुर्गा यादव की उपस्थिति में हितग्राहियों को 3 महीने का चावल एक साथ देकर चावल उत्सव मनाया गया।

राशनकार्डधारी हितग्राही दुलारी बाई, पटेल मयावती पटेल ,गंगोत्री, इतवारा साहू, मीना बाई नवरंगे, पार्वती नवरंगे, सोना नवरंगे, रुक्मणी पटेल ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 3 महीने का राशन एक साथ दिए जाने पर खुशी व्यक्त की गई। और आगे कहा कि जिस तरह सरकार 3 महीने का राशन एक साथ दे रहे हैं ठीक उसी तरह नमक और शक्कर को भी एक साथ दिया जाना चाहिए। वहीं कई ऐसे राशन कार्डधारी गरीब महिलाएं हैं जो राशन कार्ड से मिलने वाले राशन के भरोसे ही जीवन यापन करते हैं उनके चेहरों पर खुशी की लकीर स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

# शिवसेना यूबीटी की जिला इकाई ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे बलौदा बाजार इकाई द्वारा प्रदेश सचिव एवं बलौदा बाजार जिला प्रभारी मनहरण साहू के नेतृत्व में प्रभु रामचंद्र की शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बलौदाबाजार जिला के सभी ब्लॉक एवं अन्य जिला जैसे बेमेतरा के पदाधिकारियों एवं सैकड़ों शिव सैनिकों तथा श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। शोभायात्रा में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव एवं बलौदाबाजार जिला प्रभारी मनहरण साहू, जिला महासचिव बद्री प्रसाद वर्मा, महिला सेना प्रदेश सचिव गंगोत्री साहू, जिला सचिव घनाराम साहू, बेमेतरा जिला उपाध्यक्ष रामचरण वर्मा, तिल्दा ब्लॉक अध्यक्ष इंदल सिंह, छोटू यादव, दीपक वर्मा, सुमंत कश्यप, वीरेंद्र, संतोष, छोटू लहरी, सुंदरी बघेल, दुष्यंत, ईश्वरी टंडन, पार्वती, जगदीश कर्स, कामता साहू, संतोष दास, सोनी, भुनेश्वर,केकती सेन, तेरस बाई साहू, संतोषी साहू, मेम बाई साहू, रेखा साहू, बेमेतरा से दिलिप वर्मा टीनू साहू, रूपेश, खिलेंद यादव, अग्रेश्वर, भास्कर, जैन बती देवी, चंद्रिका साहू, ललिता जोशी, सरोजनी, बीसहत, समेलाल एवं सैकड़ों शिव सैनिक उपस्थित हुए।



# खराब मशीन नहीं सुधारने पर दुकानदार देगा हर्जाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

- शिकायत पर उपभोक्ता आयोग ने लिया निर्णय, वारंटी पीरियड में खराब मशीन मरम्मत कराये कंपनी

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने ग्राहक सेवा में कमी को लेकर एक अहम फैसला सुनाया है। आयोग ने एक दुकानदार को आदेश दिया है कि वह वारंटी अवधि के दौरान खराब हुई मशीन की निर्माता कंपनी से मरम्मत कराकर उपभोक्ता को सौंपे। साथ ही, मानसिक और आर्थिक क्षतिपूर्ति के रूप में हर्जाना देने का भी निर्देश दिया है।

जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पैजनी निवासी तिरिथराम सोनवानी द्वारा दुकानदार महालक्ष्मी ट्रेडर्स बलौदाबाजार से झटका मशीन क्रय किया। एक साल की वारंटी विरोधी पक्षकार द्वारा प्रदान किया गया। मशीन 1 माह पश्चात खराब होने पर दुकानदार द्वारा नया मशीन दिया गया उक्त मशीन भी 15 दिवस के भीतर ही खराब हो गया मशीन वारंटी के अंतर्गत था परन्तु विरोधी पक्षकार द्वारा मशीन को मरम्मत कराने तथा मशीन की क्रय राशि वापस देने से इंकार कर दिया गया जिससे परिवेदित होकर परिवादी द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया।



आयोग क़ी अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं संबंधित नियम आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन एवं विश्लेषण कर पाया कि परिवादी द्वारा क्रय की गई मशीन वारंटी के समयावाधि के अंतर्गत रहा है व विरोधी पक्षकार द्वारा उक्त मशीन का संचालन लापरवाही एवं अकुशल व्यक्ति के द्वारा कार्य कराने के परिणाम स्वरूप मशीन में समस्या उत्पन्न होने व देखरेख के अभाव में उक्त मशीन खराब होने बाबत लिया गया बचाव, तर्क के संबंध मे कोई साक्षय एवं प्रमाण अथवा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया है। विरोधी पक्षकार मात्र विक्रेता है सुधार कार्य निर्माता कंपनी से कराया जा सकता है। महालक्ष्मी ट्रेडर्स बलौदाबाजार को सेवा में कमी का दोषी मानते हुये दुकानदार अपने मशीन निर्माता कंपनी से उक्त मशीन को परिवादी की संतुस्टी योग्य मरम्मत कराकर 45 दिवस के भीतर प्रदाय किये जाने एवं संतुष्टी योग्य मरम्मत कराकर नहीं दिये जाने पर परिवादी को नया मशीन अथवा नया मशीन की वर्तमान कीमत तथा मानसिक आर्थिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 3000 तथा वाद-व्यय हेतु 3000 रूपये परिवादी को आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर प्रदाय किये जाने का आदेश दिया है।

### कर्मचारियों को मिला जीवनरक्षक प्रशिक्षण

**रायपुर।** जिला प्रशासन रायपुर एवं रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा रायपुर के संयुक्त प्रयास से "प्रोजेक्ट सुरक्षा" कार्यक्रम के अंतर्गत जीवनरक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को 67 शिक्षा विभाग के सहायक शिक्षक एवं प्रधान पाठकों को प्राथमिक उपचार किट के उपयोग और सीपीआर तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा रायपुर के सहायक प्रबंधक देवप्रकाश कुर्रे ने प्रशिक्षण का संचालन करते हुए आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षक तकनीकों की महत्ता को समझाया। उन्होंने सीपीआर की विस्तृत विधि का व्यवहारिक प्रदर्शन किया।

## पेज 11 के शेष

### आन लाइन क्रिकेट ...

मिली जानकारी के अनुसार 4 अप्रैल को थाना भाटापारा शहर की पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रेलवे स्टेशन भाटापारा के पास मोबाइल के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैचों पर ऑनलाइन सट्टा का संचालन करने वाले एक आरोपी सटोरिया अजय बतरा को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान आरोपी से 1 मोबाइल, 5780 रुपए एवं मोबाइल पर आईपीएल मैचों में लगाया हुआ ऑनलाइन सट्टा का स्क्रीनशॉट जब्त किया गया। आरोपी सटोरिया के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 07 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में तकनीकी टीम द्वारा आरोपी से जब्त किये गये मोबाइल का तकनीकी विश्लेषण किया गया, जिसमें यह पाया गया कि आरोपी अजय बत्रा RUVIBET नामक पैनल आईडी के माध्यम से क्रिकेट सट्टा का संचालन कर रहा था। साथ ही यह भी पता चला कि इस पैनल आईडी के माध्यम से हिमांचल प्रदेश में बैठकर एक बहुत बड़े गिरोह द्वारा क्रिकेट सट्टा का संचालन किया जा रहा है।

### वाहन चालकों से...

बिना नम्बर या अस्पष्ट नम्बर वाहन चालकों 05 प्रकरणों सहित कुल 8 हजार रुपये की समन शुल्क रसीद काटे गए हैं। आने वाले दिनों में इसी तरह की ताबड़तोड़ कार्रवाई होने की बात भी बताया गया।

### 45 लीटर शराब ...

एवं 15 लीटर क्षमता वाली 3 नग जरीकेन में 45 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद हुई। महुआ लाहन की सैंपल लेकर सभी लाहन को मौके पर नष्ट किया गया। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क)(च) 34(2) 59( क), प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उप निरीक्षक विनोद बांधे नगर सैनिक दुगेश्वरी कुर्रे, दुर्गा ध्रुव शामिल रहे।



## खबर संक्षेप

### अजीत बाजपेयी बने जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष

**भाटापारा।** कांग्रेस के पूर्व पार्षद अजीत बाजपेयी को जिला कांग्रेस कमेटी की घोषित कार्यकारणी में महत्वपूर्ण स्थान मिला है। उन्हें जिला कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष बनाया गया है। जिलाध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे द्वारा घोषित की गई कार्यकारणी में उपाध्यक्ष पद का महत्वपूर्ण



दायित्व मिला है। ज्ञात हो कि अजीत बाजपेयी सन 1994 से लगातार चार बार स्टेशन वार्ड के पार्षद और ब्लाक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष पद पर रहते हुए अपने दायित्व का बडे ही अच्छे ढंग से निर्वहन कर चुके है। कांग्रेस के मुखर नेता के रूप में जाने जाते हैं। यहां पर पर उपाध्यक्ष बनने के बाद कांग्रेस संगठन शहर एवं जिला में महत्वपूर्ण होगा। इसके पूर्व उनके द्वारा 2016 में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश के पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर के साथ सिंगारपुर मावली माता से भाटापारा तक पद यात्रा भी कर चुके हैं। वहीं दूसरी ओर अजीत बाजपेयी प्रदेश के पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर के काफी करीबी में भी गिनती है। वर्तमान समय में कांग्रेस के संघर्ष के दिनों में उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उससे निश्चित रूप से कांग्रेस संगठन को और मजबूती मिलेगी।

### जिला कांग्रेस में सतीश को मिली महामंत्री पद की जिम्मेदारी

**बगबुडा।** जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी गई। जिसमें लवन नगर निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सतीश पाण्डेय को महामंत्री पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति के बाद कांग्रेस



कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। महामंत्री बनाये जाने के बाद सतीश पाण्डेय ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित सभी नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो भरोसा उन पर जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और लगन के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए वे पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को मजबूत करने तथा जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का प्रयास किया जाएगा।

## निधन

### दयाराम वर्मा

**भाटापारा।** मोपका- ग्राम सूरजपुरा के दयाराम वर्मा का निधन हो गया है। यह



लक्ष्मी वर्मा, कौशल्या वर्मा, मधु वर्मा, मंजू वर्मा, माहेश्वरी वर्मा के पिता थे। इनका दाह संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया।

# कृषि विज्ञान केंद्र पहुंचे कलेक्टर, फसल विविधकरण की तकनीक देखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

कलेक्टर कुलदीप शर्मा खपराडीह स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र पहुंचे। उन्होंने केन्द्र द्वारा परिसर में किये जा रहे विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया और केन्द्र के अधिष्ठाता से जानकारी ली।

कलेक्टर शर्मा ने इस केन्द्र क्री लोकेशन को उत्तम बताते हुए यहां उन्नत नर्सरी विकास के साथ फसल विविधकरण का मॉडल तैयार करने कहा, ताकि यहां आने वाले किसान इसका अवलोकन कर फायदा ले सकें। उन्होंने पाम आयल क्री खेती को लाभदायक बताते हुए इसकी खेती के लिये किसानों को प्रोत्साहित करने और इसका नर्सरी तैयार करने कहा ताकि किसानों को पौधे आसानी से उपलब्ध हो सके।

### पाम ऑयल क्री खेती पर दिया जोर, परिसर में रोपा गया आम का पौधा



#### वैज्ञानिक खेती पर जोर

इसके पश्चात कलेक्टर शर्मा ने कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रदर्शनी सह प्रशिक्षण केन्द्र में उपस्थित किसानों से मुलकात क्री और उनसे यहां खेती के विषय में मिलने वाली जानकारी के सम्बन्ध में पूछताछ क्री। उन्होंने किसानों से कहा कि रबी के मौसम में धान क्री खेती में पानी अधिक लगता है जिससे भू- जल का अधिक दोहन होता है। रबी में तिलहन, दलहन, मसूर क्री खेती करें। इसके उपज को समर्थन मूल्य में समिति में ख़रीदा जा रहा है। उन्होंने फसल विविधिकरण से उन्नत किसान बनने प्रोत्साहित किया। किसानों ने बताया कि केन्द्र में खेती के वैज्ञानिक तरीके बताए जाते है जिसका फायदा मिलता है।

उन्होंने इस वर्ष जिले में लगभग 200 एकड़ में पाम ऑयल क्री खेती के लिये लक्ष्य निर्धारित कर कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने दुग्ध उत्पादन इकाई का भी अवलोकन किया और जरुरी निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर शर्मा ने केन्द्र परिसर में आम का पौधा लगाया।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, एसडीएम श्यामा पटेल, कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिष्ठाता अंगद सिंह राजपूत, सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी, उप संचालक कृषि दीपक नायक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### पहल : मड हाउस, नौकायन और बैलगाड़ी की सवारी का होगा आकर्षण

# धमनी वन क्षेत्र बनेगा ईको-पर्यटन का नया केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



विकासखंड के एकमात्र वन क्षेत्र धमनी को अब एक प्रमुख ईको-पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। महानदी के तट पर स्थित वन विश्राम गृह प्रांगण में गुरुवार को आयोजित एक विशेष कार्यशाला में पर्यटन विशेषज्ञों और स्थानीय समिति के सदस्यों ने क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को निखारने और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर सहमति जताई। यह आयोजन वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

**प्राकृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों से होगा परिचय**

कार्यशाला में पर्यटन विकास विशेषज्ञ संजय पयासी ने धमनी वन क्षेत्र की अद्भुत संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने क्षेत्र में स्थित सीता कुंड, भीम बंधान और रामायण कालीन स्थलों के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित किया। साथ ही, पुराने पाषाण निर्मित आवासों और वर्तमान में निर्माणाधीन मड हाउस (मिट्टी के घर) को पर्यटकों के लिए विशेष अनुभव बताया।

धमनी पर्यटन स्थल को शांतिपूर्ण और आकर्षक बनाने के लिए बैठक में सर्वसम्मति से कई निर्णय लिए गए, जिसमें पूरे क्षेत्र को शोरगुल रहित और नशा मुक्त बनाने पर जोर दिया गया ताकि लोग यहां ध्यान और योग कर सकें। पर्यटकों के लिए महानदी में नौकायन की सुविधा शुरू की जाएगी। आने वाले अतिथियों को छत्तीसगढ़ी संस्कृति के लोक संगीत, नृत्य और शुद्ध सात्विक पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद मिलेगा। बीट प्रभारी मनबोधन टंडन के सुझाव पर जंगल भ्रमण के लिए आकर्षक बैलगाड़ी का उपयोग करने के प्रस्ताव पर मुहर लगी। क्षेत्र में 21 प्रकार की जड़ी-बूटियों और विलुप्तप्राय प्रजातियों की नर्सरी लगाने पर सहमति बनी।

बैठक में वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामनारायण यादव, ईको पर्यटन समूह अध्यक्ष अजय जानसिंह पैकरा, जनपद सदस्य चंद्रकुमार पैकरा, सरपंच हरदयाल पैकरा, उपसरपंच मिनेंद्र यादव सहित ग्राम सयान पीलाराम निर्मलकर और बड़ी संख्या में ग्रामीण व समिति सदस्य मौजूद थे।

# आत्मानंद स्कूल में प्रवेश प्रारम्भ




हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल/सेल

लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देश पर सत्र 2026-27 के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में 10 अप्रैल से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इसी क्रम में पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/हिंदी माध्यम/गुरु घासीदास शास.उच्च. माध्यमिक विद्यालय कसडोल में भी विद्यार्थियों के लिए प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यालय के प्राचार्य वी.आर. मंडलेश्वर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया 10 अप्रैल से प्रारंभ होकर 5 मई तक चलेगी। इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से सीटों का आवंटन किया जाएगा। इसके पश्चात 11 मई से 15 मई तक प्रवेश की अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण की जाएंगी। प्राचार्य मंडलेश्वर ने आगे बताया कि एक विद्यार्थी केवल एक ही विद्यालय में आवेदन कर सकेगा। बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी गई हैं। शेष सीटों पर प्रवेश लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

# चेक डेम निर्माण के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

ग्राम पंचायत शुक्ला भाटा में 20 लाख की लागत से बनने वाले चेक डैम निर्माण कार्य का विधि-विधान से भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। यह कार्य मंत्री टंक राम वर्मा की स्वीकृति से प्रारंभ किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में जल संरक्षण और कृषि विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में सरपंच संघ अध्यक्ष अजय गर्ग, उपसरपंच अशोक साहू सहित पंचायत के पंचगण भगवान सिंह साहू, अनुसूईया सोनवानी, कविता ध्रुव, हेमंत निर्मलकर एवं गिरधारी वर्मा



उपस्थित रहे। इसके अलावा गांव के वरिष्ठ नागरिकों में राजेंद्र वर्मा, विक्रम वर्मा, पूर्व पंच कुंज लाल यादव, हेमलाल निर्मलकर, ताराचंद वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए।

# इंस्पायर अवार्ड के लिए गिर्रा स्कूल के चार छात्रों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

भारत सरकार के विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंस्पायर अवार्ड मानक योजना चलाई जा रही है, जिसमें 2025-26 सत्र में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गिर्रा के चार छात्र-छात्राओं कक्षा 6 वी से रुचि, काव्या, हर्षित कुमार और करण सेन का चयन विज्ञान मॉडल निर्माण के लिए किया गया है। प्रतिभाशाली बच्चों को विज्ञान पढ़ने और अनुसंधान क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने और नवाचार संस्कृति को बढ़ावा देने को विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार से इंस्पायर अवार्ड मानक



योजना चलाई जा रही है। इस उपलब्धि में प्रधान पाठक डिकेश चंद्राकर के नेतृत्व और मार्गदर्शन तथा विज्ञान शिक्षिका रोशनी साहू के विचार और आइडिया जो बच्चों में नये खोज और आविष्कार के गुणों का विकास करने तथा अभिनव प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु नये नये रोचक अनुप्रयोग से छात्र छात्राएं इस उपलब्धि को हासिल किये।

शिक्षिका रोशनी साहू के अथक प्रयास से विद्यालय के चार बच्चों का चयन एक साथ होना विद्यालय और छात्रों को गर्वांवित करता है। इंस्पायर अवार्ड मानक योजना सभी माध्यमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक पढ़ने वाले बच्चों के लिए है। वर्ष हर विद्यालय से अधिकतम पांच विद्यार्थियों का नामांकन ऑनलाइन किया जाता हैं। इसमें चयनित विद्यार्थियों को भारत सरकार से दस हजार की धनराशि मॉडल बनाने के लिए दी जाती है। चयनित विद्यार्थियों के मॉडलों को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपने मॉडल प्रदर्शनी में ले जाने का मौका मिलेगा।

# छात्रों ने जाना पत्रकारिता के क्षेत्र में हिंदी की उपयोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में हिंदी विभाग के अंतर्गत आयोजित इंटर्नशिप समतुल्य कोर्स के आज चतुर्थ दिवस पर सत्र की शुरुआत प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय एवं प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र शामिल हुए।

विभिन्न महाविद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं से परिचय के पश्चात डॉ. मिश्र ने अपने जीवन के अनुभवों को बताते हुए पत्रकारिता के क्षेत्र में हिंदी की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यह भी बताया की हिंदी ही एक ऐसा विषय है जिसके अध्ययन से कोई भी व्यक्ति बेरोजगार नहीं रह सकता, इसके अनेक पक्ष है जिनकी जानकारी सही तरीके से होने पर हम भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में अपनी योग्यता



को सिद्ध कर सकते हैं। आज सही हिंदी के बोलने व लिखने वालों की कमी देखी जा रही है।

यदि उच्चारण, वर्तनी, व्याकरणिक ज्ञान है और अपनी संस्कृति का परिचय है तो हम अच्छा संवाद स्थापित कर सकते हैं, विशिष्ट व्यक्तिओं के साक्षात्कार ले सकते हैं साथ ही विभिन्न पत्र पत्रिकाओं, प्रेस एवं विभिन्न संस्थानों में अपनी सेवा दे सकते हैं। उन्होंने पत्रकारिता के कार्य को बहुत ही सतर्कता और जिम्मेदारी का कार्य बताते हुए पत्रकारों के दायित्व से छात्रों को अवगत कराया।

महाविद्यालय तिल्दा से राजश्री भारद्वाज विभागाध्यक्ष हिन्दी एवं डॉ. मीना बंजारे अतिथि व्याख्याता हिन्दी ने भी बच्चों के मिलजुल कर इंटर्नशिप समतुल्य कोर्स पूर्ण करने की प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर एम ए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं का विशेष सहयोग रहा।

# लटुआ केंद्र में 12वीं हिंदी की दुबारा परीक्षा हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के दिशा निर्देश अनुरूप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लटुआ केंद्र क्रमांक 111238 में आज हायर



सेकंडरी स्कूल परीक्षा के अंतर्गत 12 वीं कक्षा के हिंदी विषय की परीक्षा हुई। विदित हो कि विगत माह 12 वीं हिंदी विषय के प्रश्न पत्र लीक होने पर छग माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के मापदंड एवं निर्देशानुसार उक्त विषय की परीक्षा प्रदेश में आज पुनः आयोजित की गई।

■ उड़नदस्ता टीम ने किया औचक निरीक्षण

लटुआ परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष रमेश कुमार नेगी ने बताया कि इस परीक्षा केंद्र में निर्धारित एवं पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 68 है, जिसमें आज परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थी 67 रहे। वहीं 01 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाया गया। परीक्षा के दौरान डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमड़ी एवं आशा शुक्ला सहायक संचालक की उड़नदस्ता टीम के द्वारा परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आदर्श परीक्षा संचालन एवं शांतिपूर्ण वातावरण की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया गया।







